**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 5608**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# लेखाशास्त्र

## ACCOUNTANCY

## भाग – II

## PART – II

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

**(Objective Questions)**

***ACADEMIC/OPEN***

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

---

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **44 (16 + 14 + 14)** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper of **Part-II** are **16** in number and it contains **44 (16 + 14 + 14)** questions.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

  *Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper, **no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

***सामान्य निर्देश :***

*(i) यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभाजित है :*

***भाग – अ :*** *अलाभकारी संस्थाएँ एवं साझेदारी खाते।*

***भाग – ब :*** *कम्पनी खाते एवं वित्तीय विवरणों का विश्लेषण।*

***भाग – स :*** *कम्प्यूटरीकृत लेखांकन।*

*(ii)* ***भाग – अ अनिवार्य है।*** *परीक्षार्थी अपनी इच्छा से* ***भाग – ब*** *तथा* ***भाग – स*** *में से कोई* ***एक*** *भाग हल करें।*

*(iii)* ***सभी*** *प्रश्न हल करने हैं। प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है।* ***सही*** *उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper is divided into* ***three*** *Parts :*

***Part – A :*** *Not for Profit Organizations & Partnership Accounts.* .

***Part – B :*** *Company Accounts & Analysis of Financial Statements.*

***Part – C :*** *Computerized Accounting.*

*(ii)* ***Part – A is compulsory****. Candidates have to attempt any* ***one*** *part from* ***Part – B*** *and* ***Part – C*** *of their choice.*

*(iii)* ***All*** *questions are to be attempted. Each question carries* **1** *mark. Write the* ***correct*** *answer in your answer-book.*

## भाग – अ

## PART – A

## (अलाभकारी संस्थाएँ एवं साझेदारी खाते)

## (Not for Profit Organizations & Partnership Accounts)

**1.** आय-व्यय खाता प्रदर्शित करता है : 1

(A) आधिक्य या कमी (B) नकद शेष

(C) शुद्ध लाभ (D) पूँजी खाता

Income and Expenditure Account reveals :

(A) Surplus or Deficiency (B) Cash in Hand

(C) Net Profit (D) Capital Account

**2.** प्राप्ति एवं भुगतान खाता है : 1

(A) व्यक्तिगत खाता (B) वास्तविक खाता

(C) नाममात्र खाता (D) वास्तविक एवं नाममात्र खाता दोनों

Receipts and Payments Account is :

(A) Personal Account (B) Real Account

(C) Nominal Account (D) Real and Nominal Account Both

**3.** साझेदारी स्थापित करने के लिए कम से कम कितने व्यक्ति होने चाहिए ? 1

(A) 2 (B) 7

(C) 10 (D) 20

What should be the minimum number of persons to form partnership firm ?

(A) 2 (B) 7

(C) 10 (D) 20

**4.** साझेदारी संलेख को ............. भी कहा जाता है। 1

(A) प्रविवरण

(B) पार्षद अन्तर्नियम

(C) साझेदारी के सिद्धान्त

(D) साझेदारी के अन्तर्नियम

Partnership deed is also called :

(A) Prospectus

(B) Article of Association

(C) Principles of Partnership

(D) Articles of Partnership

**5.** लाभ प्राप्ति अनुपात : 1

(A) नया अनुपात – त्याग अनुपात

(B) पुराना अनुपात – त्याग अनुपात

(C) नया अनुपात – पुराना अनुपात

(D) पुराना अनुपात – नया अनुपात

Gaining Ratio :

(A) New Ratio – Sacrificing Ratio

(B) Old Ratio – Sacrificing Ratio

(C) New Ratio – Old Ratio

(D) Old Ratio – New Ratio

**6.** एक नए साझेदार के प्रवेश पर : 1

(A) पुरानी फर्म का समापन हो जाता है

(B) पुरानी साझेदारी का समापन हो जाता है

(C) पुरानी साझेदारी तथा फर्म दोनों का समापन हो जाता है

(D) न तो साझेदारी और न ही फर्म का समापन होता है

On the admission of a new partner :

(A) Old firm is dissolved

(B) Old partnership is dissolved

(C) Both old partnership and firm are dissolved

(D) Neither partnership nor firm is dissolved

**7.** 'ए' तथा 'बी' 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। 'सी' को 1/4 हिस्सा देकर साझेदार बनाया गया जो अपने हिस्से का 3/4 'ए' से तथा 1/4 'बी' से प्राप्त करता है। नया अनुपात होगा : 1

(A) 2 : 1 : 1

(B) 23 : 13 : 12

(C) 3 : 1 : 1

(D) 13 : 23 : 12

'A' and 'B' share profits in the ratio of 2 : 1. 'C' is admitted with 1/4 share in profit. 'C' acquires 3/4 of his share from 'A' and 1/4 of his share from 'B'. The new ratio will be :

(A) 2 : 1 : 1

(B) 23 : 13 : 12

(C) 3 : 1 : 1

(D) 13 : 23 : 12

**8.** यदि नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि रोकड़ में देता है, तो उस राशि को डेबिट करेंगे : 1

(A) ख्याति खाते में

(B) नये साझेदार के पूँजी खाते में

(C) रोकड़ खाते में

(D) पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में

When a new partner brings his share of goodwill in cash, the amount is debited to :

(A) Goodwill A/c

(B) Capital A/c of new partner

(C) Cash A/c

(D) Capital A/c of old partners

**9.** किसी साझेदार की मृत्यु होने पर उसको देय पूरी राशि किसके खाते में क्रेडिट की जाएगी ? 1

(A) सभी साझेदारों के पूँजी खातों में

(B) शेष साझेदारों के पूँजी खातों में

(C) उसके उत्तराधिकारी के खाते में

(D) सरकार के आय खाते में

On the death of a partner, the amount due to him will be credited to :

(A) All partner's Capital Accounts

(B) Remaining Partners Capital Accounts

(C) His Executor's Account

(D) Governments' Revenue Account

**10.** 'ए', 'बी' तथा 'सी' साझेदार हैं जो 1/4 : 3/10 : 9/20 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं, 'सी' के अवकाश ग्रहण पर नया अनुपात होगा : 1

(A) 6 : 5 (B) 5 : 6

(C) 4 : 3 (D) 4 : 10

'A', 'B' and 'C' are partners sharing profits in the ratio of 1/4 : 3/10 : 9/20. The new ratio on the retirement of 'C' will be :

(A) 6 : 5 (B) 5 : 6

(C) 4 : 3 (D) 4 : 10

**11.** साझेदारों के चालू खातों के शेष होते हैं : 1

(A) डेबिट शेष (B) क्रेडिट शेष

(C) डेबिट अथवा क्रेडिट शेष (D) न डेबिट न क्रेडिट शेष

Balance of partner's current accounts are :

(A) Debit Balance (B) Credit Balance

(C) Debit or Credit Balance (D) Neither Debit nor Credit balances

**12.** फर्म के लिए पूँजी पर ब्याज है : 1

(A) पूँजी भुगतान (B) पूँजी प्राप्ति

(C) हानि (D) आय

For the firm interest on capital is :

(A) Capital payment (B) Capital Receipt

(C) Loss (D) Income

**13.** 01-01-2019 को एक साझेदार ने फर्म को 1,00,000 ₹ का ऋण दिया। समझौते के अभाव में 31-03-2019 को उसके ऋण पर ब्याज होगा : 1

(A) ₹ शून्य (B) ₹ 1,500

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 6,000

On 01-01-2019, a partner advanced a loan of ₹ 1,00,000 to the firm. In the absence of agreement, interest on loan on 31-03-2019 will be :

(A) ₹ NIL (B) ₹ 1,500

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 6,000

**14.** यदि कोई साझेदार प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को एक निश्चित राशि आहरण करता है, तो आहरण की कुल राशि पर ........... माह का ब्याज लगाया जाता है। 1

(A) 6 (B) 6½

(C) 5½ (D) 12

If a fixed amount is withdrawn by a partner on the first day of every month, interest on the total amount is charged for ......... months.

(A) 6 (B) 6½

(C) 5½ (D) 12

**15.** 'ए' तथा 'बी' लाभ हानि को 3 : 5 में बाँटते हुए एक फर्म में साझेदार थे। 1 अप्रैल, 2019 से वे लाभ हानि को समान अनुपात में बाँटने पर सहमत हुए। लाभ-हानि विभाजन में परिवर्तन के कारण, 'ए' का लाभ प्राप्ति अथवा त्याग का हिस्सा होगा : 1

(A) लाभ प्राप्ति $\frac{3}{8}$ (B) लाभ प्राप्ति $\frac{1}{8}$

(C) त्याग $\frac{3}{8}$ (D) त्याग $\frac{1}{8}$

'A' and 'B' were partners in a firm sharing profits or losses in the ratio of 3 : 5. With effect from 1st April, 2019 they agreed to share profits or losses equally. Due to change in profit sharing ratio, A's gain or sacrifice be :

(A) Gain $\frac{3}{8}$ (B) Gain $\frac{1}{8}$

(C) Sacrifice $\frac{3}{8}$ (D) Sacrifice $\frac{1}{8}$

**16.** ख्याति एक ........... सम्पत्ति है। 1

(A) कृत्रिम (B) चालू

(C) नाशवान (D) अमूर्त

Goodwill is a .......... asset.

(A) Fictitious (B) Current

(C) Wasting (D) Intangible

## भाग – ब

## PART – B

## (कम्पनी खाते एवं वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## (Company Accounts & Analysis of Financial Statements)

**17.** अंशधारी कम्पनी के ............. होते हैं। 1

(A) ग्राहक (B) स्वामी

(C) लेनदार (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Shareholders are the ........... of the company.

(A) Customers (B) Owners

(C) Creditors (D) None of these

**18.** एक कम्पनी के सदस्यों का दायित्व होता है : 1

(A) सीमित (B) असीमित

(C) स्थिर (D) परिवर्तनशील

The liability of members in a company :

(A) Limited (B) Unlimited

(C) Stable (D) Fluctuating

**19.** एक निजी कम्पनी में सदस्यों की अधिकतम संख्या होती है : 1

(A) 7 (B) 200

(C) 20 (D) कोई सीमा नहीं

Maximum number of members in a Private Company is :

(A) 7 (B) 200

(C) 20 (D) No limit

**20.** एक कम्पनी का पूर्वाधिकार अंश प्रतिनिधित्व करता है : 1

(A) ऋण का (B) पूँजी का

(C) लाभांश का (D) सम्पत्ति का

Preference share of a Company represents :

(A) Loan (B) Capital

(C) Dividend (D) Assets

**21.** पंजीकृत पूँजी निम्न का भाग होती है : 1

(A) संचित पूँजी

(B) निर्गमित पूँजी

(C) प्रार्थित पूँजी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Registered capital is the part of :

(A) Reserve Capital

(B) Issued Capital

(C) Subscribed Capital

(D) None of the above

**22.** अंशों के प्रीमियम की अधिकतम सीमा होती है : 1

(A) 5% (B) 10%

(C) कोई सीमा नहीं (D) 100%

Maximum limit of premium on shares is :

(A) 5% (B) 10%

(C) No limit (D) 100%

**23.** ऋणपत्रधारी को मिलता है : 1

(A) लाभांश (B) ब्याज

(C) लाभांश व ब्याज दोनों (D) बोनस

Debentureholder receives :

(A) Dividend (B) Interest

(C) Both Dividend and Interest (D) Bonus

**24.** शून्य कूपन बॉण्ड निर्गमित किए जाते हैं : 1

(A) शून्य ब्याज दर पर

(B) पूर्व निर्धारित ब्याज दर पर

(C) बिना पूर्व निर्धारित ब्याज दर पर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Zero Coupon Bonds are issued :

(A) At zero interest rate

(B) Specified rate of interest

(C) Without specified rate of interest

(D) None of the above

**25.** ऋणपत्रों को सहायक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित करने पर कौन-सा खाता क्रेडिट किया जाता है ? 1

(A) ऋणपत्र खाता

(B) बैंक ऋण खाता

(C) ऋणपत्र धारित खाता

(D) ऋणपत्र उचंत खाता

On issue of debentures as collateral security, which account is credited ?

(A) Debenture Account

(B) Bank Loan Account

(C) Debenture Holding Account

(D) Debenture Suspense Account

**26.** स्वयं के ऋणपत्रों को रद्द करने से लाभ को हस्तांतरित किया जाता है : 1

(A) सामान्य संचय में

(B) लाभ-हानि विवरण में

(C) पूँजी संचय में

(D) ऋणपत्रों के खाते में

Profit on cancellation of own debentures is transferred to :

(A) General Reserve

(B) Statement of Profit & Loss

(C) Capital Reserve

(D) Debenture Account

**27.** निक्षेप निधि निवेश खाते का संतुलन हमेशा दर्शाता है : 1

(A) डेबिट शेष

(B) क्रेडिट शेष

(C) न ही डेबिट और न क्रेडिट शेष

(D) या तो डेबिट या क्रेडिट शेष

Balance of Sinking Fund Investment Account always shows :

(A) Debit Balance

(B) Credit Balance

(C) Neither Debit nor Credit Balance

(D) Either Debit or Credit Balance

**28.** ऋणपत्र निर्गमन हानि खाता है : 1

(A) सम्पत्ति (B) दायित्व

(C) व्यय (D) आय

Loss on issue of Debentures is :

(A) Asset (B) Liability

(C) Expenses (D) Income

**29.** निम्न में से किस पूँजी को स्थिति विवरण में 'अंश पूँजी' शीर्षक के अन्तर्गत नहीं दिखाया जाता है ? 1

(A) प्रार्थित पूँजी (B) निर्गमित पूँजी

(C) आरक्षित पूँजी (D) अधिकृत पूँजी

Which of the following is not shown under the heading 'Share Capital' in a Balance Sheet ?

(A) Subscribed Capital (B) Issued Capital

(C) Reserve Capital (D) Authorised Capital

**30.** एक कम्पनी के चिट्ठे में 'अंश पूँजी' शीर्षक के अन्तर्गत सबसे अन्त में दर्शायी जाती है : 1

(A) अधिकृत पूँजी
(B) प्रार्थित अंश पूँजी
(C) निर्गमित अंश पूँजी
(D) आरक्षित अंश पूँजी

In the Balance Sheet of a company, under the heading 'Share Capital' at the last is shown :

(A) Authorised Capital
(B) Subscribed Share Capital
(C) Issued Share Capital
(D) Reserve Share Capital

**भाग – स**

**PART – C**

**(कम्प्यूटरीकृत लेखांकन)**

**(Computerized Accounting)**

**17.** निम्नलिखित विधियों में से एक सेल में डेटा दर्ज करने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है : 1

(A) एक तीर कुंजी दबाना
(B) टैब को दबाना
(C) Esc कुंजी दबाना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following methods cannot be used to enter data in a cell ?

(A) Pressing an arrow key
(B) Pressing the Tab key
(C) Pressing the Esc key
(D) None of the above

**18.** वर्कशीट बनाने के निम्नलिखित में से कौन-सा एक बुनियादी कदम नहीं है ? 1

(A) वर्कबुक सेव करें
(B) वर्कशीट को संशोधित करें
(C) टेक्स्ट और डेटा डालें
(D) वर्कशीट कॉपी करें

Which of the following is not a basic step in creating a worksheet ?

(A) Save workbook
(B) Modify the worksheet
(C) Enter text and data
(D) Copy the worksheet

**19.** सेलों में रखी गई टिप्पणियों को कहते हैं : 1

(A) स्मार्ट टिप (B) सेल टिप

(C) वेब टिप (D) नरम टिप

Comments put in cells are called :

(A) Smart tip (B) Cell tip

(C) Web tip (D) Soft tip

**20.** एक सूत्र का उपयोग करके एकाधिक गणना की जा सकती है : 1

(A) मानक सूत्र (B) सरणी सूत्र

(C) स्मार्ट सूत्र (D) जटिल सूत्र

Multiple calculations can be made in a single formula using :

(A) Standard formula (B) Array formula

(C) Smart formula (D) Complex formula

**21.** हाइपरलिंक कर सकते हैं : 1

(A) पाठ (B) ड्राइंग वस्तुएँ

(C) चित्र (D) उपरोक्त सभी

Hyperlinks can be :

(A) Text (B) Drawing objects

(C) Pictures (D) All of the above

**22.** रिलेशनल डेटा बेस मॉडल E. F. Codd द्वारा बनाया गया था। **सत्य/असत्य** 1

The relational database model was created by E. F. Codd. **True/False**

**23.** डेटाबेस में, डेटा स्प्रेडशीट में संग्रहित किया जाता है, जिसमें पंक्तियाँ और कॉलम होते हैं। **सत्य/असत्य** 1

In a database, data is stored in Spreadsheets which have rows & columns. **True/False**

**24.** एक डेटाबेस में डेटा और रिश्ते होते हैं। **सत्य/असत्य** 1

A database has data and relationships. **True/False**

**25.** एक डेटाबेस को 'स्व-वर्णन' कहा जाता है, क्योंकि इसमें स्वयं का विवरण होता है। **सत्य/असत्य** 1

A database is called "Self-describing" because it contains a description of itself. **True/False**

**26.** अकांउटिंग पैकेज किस आधार पर विकसित किये जाते हैं ? 1

(A) लेखा अवधारणा (B) लेखा परिपाटियाँ

(C) दोनों (A) और (B) (D) कोई भी नहीं

Accounting packages are developed on the basis of :

(A) Accounting Concept (B) Accounting Conventions

(C) Both (A) and (B) (D) None of the above

**27.** अकाउंटिंग पैकेज किस प्रकार का सॉफ्टवेयर है ? 1

(A) सिस्टम सॉफ्टवेयर (B) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

(C) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (D) बेसिक

What type of Software is an accounting package ?

(A) System Software (B) Application Software

(C) Utility Software (D) Basic

**28.** कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के घटक हैं : 1

(A) डेटा, रिपोर्ट, खाता बही, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर

(B) सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, लोग, प्रक्रिया

(C) डेटा, कोडिंग, प्रक्रिया, उद्देश्य, आउटपुट

(D) लोग, प्रक्रिया, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर

The components of computerized accounting system are :

(A) Data, Report, Ledger, Software, Hardware

(B) Software, Hardware, People, Procedure

(C) Data, Coding, Procedure, Objective, Output

(D) People, Procedure, Hardware, Software

**29.** खातों का समूहन से तात्पर्य डेटा के वर्गीकरण से है : 1

(A) सम्पत्तियाँ, पूँजी और देनदारियाँ

(B) पूँजी, सम्पत्तियाँ, देनदारियाँ, आय और व्यय

(C) सम्पत्तियाँ, इक्विटी, आय और व्यय

(D) पूँजी, देनदारियाँ, आय और व्यय

Grouping of Accounts means the classification of data from :

(A) Assets, Capital and Liabilities

(B) Assets, Capital, Liabilities, Revenue & Expenses

(C) Assets, Equity, Revenue & Expenses

(D) Capital, Liabilities, Revenues & Expenses

**30.** विषम को चुनें : 1

(A) पासवर्ड सिक्योरिटी (B) डेटा ऑडिट

(C) डेटा बैंक (D) डेटा वॉल्ट

Choose the odd one out :

(A) Password Security (B) Data Audit

(C) Data Bank (D) Data Vault